MPBOARD CLASS 12 BUSINESS STUDIES 2014 QUESTION PAPER WITH ANSWER

बोर्ड प्रश्न-पत्र 2014

व्यवसाय अध्ययन (म. प्र.) : कक्षा XII

समय :3 घंटे पूर्णांक : 100

निर्देश- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं

2. प्रश्न-पत्र में दिये गये निर्देश सावधानीपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए

3. प्रश्न-पत्र में दो खण्ड दिये गये हैं-खण्ड-अ और खण्ड-ब

4. खण्ड-अ में दिये गये

प्रश्न 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिसके अन्तर्गत रिक्त स्थानों की | पूर्ति, सत्य/असत्य, सही जोड़ी बनाना, एक शब्द में उत्तर तथा सही विकल्प का चयन करना है प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है

5. खण्ड-ब में प्रश्न क्रमांक 6 से 20 में आन्तरिक विकल्प दिये गये हैं

6. प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है उत्तर सीमा 75 शब्द

7. प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है उत्तर सीमा 120 शब्द

8. प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है उत्तर सीमा 150 शब्द

वस्तुनिष्ठ प्रश्न प्रश्न

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. प्रबन्ध का सबसे पहला कार्य ....है

2. श्रमिकों के समूह प्रमुख को ....कहा जाता है

3. भारत में ....आर्थिक प्रणाली को अपनाया गया है

4. ....बताते हैं कि किसी विशेष परिस्थिति में क्या करना है और क्या नहीं करना है

5. भूतपूर्व कर्मचारियों को बुलाना ....स्त्रोत कहलाता है

उत्तर-1. नियोजन, 2. टोली नायक, 3. मिश्रित, 4. नियम, 5. आंतरिक

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रत्येक का एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर लिखिए

1. भर्ती का आधुनिक माध्यम क्या है ?

2. वित्तीय विवरणों से विभिन्न अनुपातों की गणना करना क्या कहलाता है ?

3. पाँच या अधिक वर्षों के लिए की गई वित्त योजना क्या कहलाती है ?

4. किस पूँजी बाजार का सम्बन्ध नए निर्गमनों से होता है ?

5. माल की पैकिंग की विधि को किस पत्र में बताया जाता है ?

उत्तर- 1. इन्टरेट, 2. अनुपात विश्लेषण, 3. दीर्घकालीन वित्त योजना, 4. प्राथमिक बाजार, 5. आदेश पत्र

प्रश्न 3. सही जोड़ियाँ बनाइए

खण्ड -अ	खण्ड-ब
1. विनियोग निर्णय	(a) स्थायी पूँजी
2. लाभ-हानि विवरण	(b) खजाना बिल
3. पूँजी संरचना	(c) वित्त कार्य क्षेत्र
4. अत्यधिक तरलता	(d) संगठित बाजार
5. शेयर बाजार	(e) अल्पकालीन वित्त नियोजन

उत्तर- 1. (c), 2. (e), 3. (a), 4. (b), 5. (d).

प्रश्न 4. निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर लिखिए

1. प्रबन्ध के कितने स्तर हैं

(a) चार(b) तीन (c) दो(d) पाँच

2. वैज्ञानिक प्रबंध का जनक किसे कहते हैं|

(a) शेल्डन (b) हेनरी फेयोल (C) हुकर (d) टेलर

3. नवीन आर्थिक सुधार भारत मैं शुरू किया गया

(a) सन् 1947 से (b) सन् 1980 से (c) सन् 1991 से

(d) सन् 2007 से 4. सर्वोत्तम विकल्प का चयन किस पर आधारित होता है(a) पूर्वानुमान (b) कार्यविधि (c) विश्लेषण का मूल्यांकन (d) नीति 5. पदोन्नति भर्ती का किस प्रकार का स्रोत है

(a) आंतरिक (b) बाह्य (C) आन्तरिक एवं बाह्य दोनों (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर-1. (b), 2. (d), 3. (c), 4. (C), 5. (a).

प्रश्न 5. निम्नलिखित का सत्य या असत्य में उत्तर दीजिए

1. नियोजन निर्णयन प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाता है

2. निर्माण व नियोजन में कोई संबंध नहीं होता है

3. विचलन सदैव ऋणात्मक होता है

4. निर्ख पत्र विक्रय हेतु एक विशेष प्रस्ताव है

5. पुनश्च लिखने से अच्छा प्रभाव पड़ता है

उत्तर- 1. सत्य, 2. असत्य, 3. असत्य, 4. सत्य, 5. असत्य

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 6. वैश्वीकरण के कोई दो उद्देश्य लिखिए

अथवा, भारतीय परिवेश के आयाम के नाम बताइए(कोई चार)

प्रश्न 7. विज्ञापन के माध्यमों के नाम लिखिये(कोई चार)

अथवा, अच्छे ब्राण्ड का चयन करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?(कोई दो)

प्रश्न 8. व्यावसायिक परिवेश के दो महत्व बताइये

अथवा, नई आर्थिक नीति के किन-किन उद्योगों के लिये लायसेंस लेना अनिवार्य है ?(कोई चार)

प्रश्न 9. उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा के लिये दो उत्तरदायित्वों के नाम बताइये

अथवा, "इको-मार्क' स्कीम क्या है ?

प्रश्न 10. व्यवसाय के आंतरिक वातावरण में कौन-कौन से तत्व आते हैं?(कोई दो)

अथवा, सन् 1991 के बाद भारत के आर्थिक परिवेश में जो परिवर्तन हुए उनका नाम बताइये

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 11. क्षेत्र आधारित संगठन संरचना के चार गुण बताइए

अथवा, संगठन के किन्हीं चार उद्देश्यों को लिखिए

प्रश्न 12. प्रभावी नेता के कोई चार गुण लिखिए

अथवा, धनात्मक एवं ऋणात्मक अभिप्रेरण में कोई चार अन्तर लिखिए

प्रश्न 13. विभागीय संगठन एवं कार्यात्मक संगठन में अंतर बताइए(कोई चार)

अथवा, संगठन के चार सिद्धांतों का उल्लेख कीजिये

प्रश्न 14. पर्यवेक्षण के महत्व के कोई चार बिन्दु लिखिए

अथवा, अमौद्रिक अभिप्रेरणाओं का उल्लेख कीजिए(कोई चार)

प्रश्न 15. कार्यशील पूँजी की मात्रा को निर्धारित करने वाले किन्हीं चार घटकों को लिखिये

अथवा, वित्तीय प्रबन्ध का महत्व बताइए(कोई चार बिन्दु)

प्रश्न 16. लेबलिंग के लाभ बताइये(कोई चार)

अथवा, विपणन एवं विक्रय में अंतर बताइये(कोई चार)

प्रश्न 17. भारत में उपभोक्ता संरक्षण के साधनों व तरीकों का वर्णन कीजिए(कोई चार)

अथवा, उपभोक्ता संरक्षण का महत्व बताइये(कोई चार बिन्दु)